राजा महेन्द्र प्रताप सिंह विश्वविद्यालय, अलीगढ़

Email:- registrar.rmpu@gmail.com

पत्रांकः—आर0एम0पी0यू0 / 2018 / 2024 दिनांकः— 03, अक्टूबर, 2024

विज्ञप्ति

परीक्षा समिति की आकस्मिक बैठक दिनांक 01.10.2024 में निर्णय लिया गया है कि 'परीक्षा समिति की बैठक में छात्र/छात्राओं द्वारा विश्वविद्यालय कैम्प कार्यालय पर धरना प्रदर्शन के सम्बंध में परीक्षा नियंत्रक द्वारा सदस्यों को अवगत कराया गया। इसके पश्चात छात्रों की मॉग को लेकर गहन चर्चा की गयी। उक्त धरना प्रदर्शन में छात्रों ने सत्र 2024–25 विषम सेमेस्टर की परीक्षा बहुविकल्पीय (ओ0एम0आर0) प्रारूप पर आयोजित कराने की मॉग की गयी। उक्त विषय को लेकर समिति के कुछ सदस्यों द्वारा छात्रों की मॉग के विपरीत वर्णनात्मक प्रारूप पर परीक्षा कराने की मॉग की गयी। कुलपति/अध्यक्ष परीक्षा समिति द्वारा सदस्यों को अवगत कराया गया कि विश्वविद्यालय के पास वर्तमान में आधारभूत सुविधाओं जैसे– भवन, श्रमशक्ति आदि का अभाव है। विश्वविद्यालय के नवनिर्मित भवन के हस्तांतरण में विलम्ब होने की सम्भावना है। यदि उक्त परीक्षा वर्णनात्मक प्रारूप पर आयोजित करायी जाती है तो लगभग 13 लाख उत्तर पुस्तिकाओं को सुरक्षित रखने एवं कोडिग तथा मूल्यांकन कराने में समस्या होगी। माननीय कुलपति/अध्यक्ष परीक्षा समिति के उक्त वर्णित कठिनाइयों के दृष्टिगत बहुविकल्पीय (ओ0एम0आर0) प्रारूप में परीक्षा कराये जाने से समिति के कुछ सदस्यों द्वारा असहमति व्यक्त की गयी। उपर्युक्त परिस्थितियों के आलोक में माननीय कुलपति/अध्यक्ष परीक्षा समिति द्वारा छात्रहित में एवं सत्र की निरन्तरता बानाए रखने हेतु सत्र 2024–25 विषम सेमेस्टर की स्नातक पाठ्यक्रमों की परीक्षाएँ बहुविकल्पीय (ओ0एम0आर0) प्रारूप पर एवं परास्नातक पाठ्यक्रमों की परीक्षायें वर्णनात्मक प्रारूप पर आयोजित कराये जाने का निर्णय लिया गया।'

मा0 कुलपति जी के आदेशानुसार परीक्षा समिति के उक्त निर्णय के अनुपालन में सत्र 2024–25 विषम सेमेस्टर की स्नातक पाठ्यक्रमों की परीक्षाएँ बहुविकल्पीय (ओ0एम0आर0) प्रारूप पर एवं परास्नातक पाठ्यक्रमों की परीक्षायें वर्णनात्मक प्रारूप पर आयोजित की जायेगी।

(अजय कृष्ण यादव)
कुलसचिव

प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–

1. वित्त अधिकारी।
2. समस्त संकायाध्यक्ष।
3. समस्त प्राचार्य/प्राचार्या, सम्बद्ध महाविद्यालय राजा महेन्द्र प्रताप सिंह राज्य विश्वविद्यालय, अलीगढ़।
4. सम्पादक, समस्त समाचार पत्र को इस अनुरोध के साथ कि उक्त महत्वपूर्ण सूचना को अपने सम्मानित दैनिक समाचार पत्र में निशुल्क प्रकाशित करने का कष्ट करें।
5. निजी सचिव, मा0 कुलपति, मा0 कुलपति जी के अवलोकनार्थ।
6. प्रभारी वेबसाइट को वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु।
7. गार्ड फाइल

03/10/24

कुलसचिव

Scanned with OKEN Scanner